# आईजीएमसी शिमला व मेडिकल कॉलेज टांडा में छह माह में आरंभ होगी रोबोटिक सर्जरी सुविधा: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार सायं यहां स्वास्थ्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अगले छह माह में आईजीएमसी शिमला और मेडिकल कॉलेज टांडा में पायलट आधार पर रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू की जाएगी और इस संबंध में जल्द ही चिकित्सकों व अन्य स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि विभिन्न श्रेणियों की आवश्यक रोबोटिक सर्जरी शुरू करने के लिए चिकित्सकों और अन्य कर्मचारियों की संख्या की एक विस्तृत रिपोर्ट स्वास्थ्य सचिव द्वारा 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत की जाएगी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है ताकि प्रदेश में ही मरीजों को विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। इससे लोगों के समय और धन की बचत होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को घर-द्वार के निकट बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक स्वास्थ्य संस्थान को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां 134 प्रकार की प्रयोगशाला परीक्षण सुविधाएं, विशेषज्ञ चिकित्सक और चिकित्सा कर्मचारी, नवीनतम अत्याधुनिक एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और डिजिटल एक्स-रे की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय लोगों की जिला अस्पतालों पर निर्भरता कम होगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सा और नर्सिंग शिक्षा की आधारभूत संरचना को भी सुदृढ़ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए डॉ.राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, हमीरपुर में कैंसर केयर के लिए उत्कृष्टता केंद्र खोला जाएगा। कैंसर विभाग के लिए 400 करोड़ रुपये और 150 बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक स्वास्थ्य मशीनरी और उपकरणों से लैस करेगी और इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए पर्याप्त धनराशि का प्रावधान भी किया जाएगा।

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थीए मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवाचार, गोकुल बुटेल, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, स्वास्थ्य सचिव एम.सुधा देवी, वित्त सचिव अक्षय सूद, मुख्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव विवेक भाटिया और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी इस बैठक में उपस्थित थे।

# भाजपा ने मनाया 44वां स्थापना दिवस

## नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप रहे उपस्थित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर एवं प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने भाजपा मुख्यालय दीपकमल चक्कर शिमला में ध्वजारोहण कर भाजपा का 44 वां स्थापना दिवस मनाया, उनके साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक जमवाल विशेष रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत सभी भाजपा नेताओं ने वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का उद्बोधन सुना। इस मौके पर भाजपा के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई भी दी। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और इसके लिए सभी कार्यकताओं ने अथक संघर्ष किया है जो स्वरूप आज भारतीय जनता पार्टी का



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है वह लाखों कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है।

उन्होंने कहा भाजपा सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ काम कर रही है। सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण को हमने हमेशा अपने हृदय और कार्यशैली में सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सामाजिक न्याय हमारे लिए राजनीतिक नारेबाजी का हिस्सा नहीं बल्कि हमारे लिए आर्टिकल ऑफ फेथ है।

सुरेश कश्यप ने कहा की विपक्षी दल जितना मर्जी प्रयास कर ले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता को कम नहीं कर सकते जिस प्रकार से प्रधानमंत्री जन जन से जुड़े हैं और सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलते हैं

उससे साफ दिखता है कि आने वाले लोकसभा चुनावों में एक बार फिर भाजपा की सशक्त सरकार भारत में बनने जा रही है।

उन्होंने कहा हमारा समर्पण है मां भारती को, हमारा समर्पण है देश के कोटि-कोटि जनों को, हमारा समर्पण है देश के संविधान को।

## न्यूज फ्लैश

### कोविड-19 पर स्वास्थ्य विभाग की एडवाईजरी का सभी करें पालन :आर.के.गौतम

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/एसपी जैरथ**

उपायुक्त सिरमौर आर.के.गौतम ने जिला के सभी लोगों से हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड-19 के संदर्भ में जारी एडवाईजरी के सभी 6 परामर्श बिंदुओं का पालन करने का आग्रह किया है। उन्होंने जिला के सभी विभागाध्यक्षों को कार्यरत कर्मचारियों को कोविड-19 एडवाईजरी के पालन के लिए उचित दिशा निदेर्शा देने के लिए भी कहा है। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाईजरी (परामर्श) के अनुसार स्वास्थ्य सेवायें ग्रहण करने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाले सभी लोगों को स्वास्थ्य संस्थान परिसर में मास्क का प्रयोग करने का परामर्श दिया गया है। इसी प्रकार वरिष्ठ नागरिक जन और सहरूग्नता (-को-मोरबिडिटी) वाले लोग जब भीड़-भाड़ वाले इलाके में जायें तो मास्क का प्रयोग करें। आर.के. गौतम ने कहा कि जारी एडवाईजरी में सोशल डिस्टेंस बनाये रखना, हाथों को साफ.सुथरा रखना, एहतियात के तौर पर कोविड डोज लगाना और इंफ ल्युएंजा (सामान्य जुकाम) जैसे लक्षण दिखाई देने पर इसकी तुरंत जांच करवाने और कोविड का टेस्ट करवाने का परामर्श भी शामिल है।

नगर निगम चुनाव में प्रत्याशी खर्च सकेंगे 1 लाख तक की राशि:आदित्य नेगी

### 149 मतदान केंद्रों पर होगा मतदान, व्यय प्रेक्षक करेंगे खर्च की निगरानी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

नगर निगम शिमला चुनाव के दौरान प्रत्याशी एक लाख रुपए तक की राशि प्रचार के लिए खर्च कर सकेंगे। इससे अधिक व्यय यदि प्रत्याशी द्वारा प्रचार पर किया जाता है तो प्रत्याशी की सदस्यता को रद्द किए जाने का प्रावधान है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ नगर निगम चुनावों को लेकर आयोजित बैठक में ये जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी/उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने दी। उन्होंने कहा कि व्यय प्रेक्षकों द्वारा प्रचार व्यय की निगरानी की जाएगी। 13, 17 और 18 अप्रैल 2023 को विभिन्न दलों के प्रत्याशी और आजाद उम्मीदवार नामांकन भर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल 2023 को छंटनी और 21 अप्रैल 2023 को उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। वार्ड नं. 1 से 7 तक के प्रत्याशी एसडीएम शिमला शहरी के पास नामांकन दायर कर सकते हैं। इसी तरह 8 से 14 वार्ड के उम्मीदवार एसडीएम शिमला ग्रामीण, 15 से लेकर 21 वार्ड तक के उम्मीदवार सहायक आयुक्त शिमला, 22 से 28 वार्ड के उम्मीदवार तहसीलदार शिमला शहरी, 29 से 34 वार्ड के प्रत्याशी तहसीलदार शिमला ग्रामीण के कार्यालय में नामांकन दर्ज कर सकते हैं। उक्त अधिकारियों के कार्यालय में ही छंटनी और नाम वापसी की प्रक्रिया भी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 21 अप्रैल को नाम वापसी के तुरंत पश्चात चुनाव लड? वाले सभी प्रत्याशियों की सूची को चुनाव चिन्हों के साथ अंतिम रूप दिया जाएगा। 149 मतदान केंद्रों पर शहर के मतदाता अपना प्रत्याशी चुनेंगे। इस कार्य के लिए विभिन्न अधिकारी, कर्मचारियों और पुलिस बल को तैनात किया जाएगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, सदस्यों, चुनाव लड? वाले प्रत्याशियों और आम मतदाता से चुनावों को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए अपील भी की। उन्होंने कहा कि चुनाव लड? वाले प्रत्याशी की उम्र 21 साल से अधिक होनी चाहिए। साथ ही वह शहर के किसी भी वार्ड का निवासी होना चाहिए। इसके साथ ही उसका प्रस्तावक प्रपोजर संबंधित वार्ड का निवासी होना चाहिए जिस वार्ड से प्रत्याशी को चुनाव लड?ा है। चुनाव प्रचार 30 अप्रैल 2023 को थम जाएगा। इस मौके पर एडीएम कानून एवं व्यवस्था राहुल चौहान ने चुनाव आचार संहिता पर राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के साथ दिशा निदेर्शों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने प्रचार से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने राजनीतिक दलों को प्रतिनिधियों से तय स्थान पर होर्डिंग आदि लगाने और प्रचार के लिए ध्वनि प्रसार यंत्रों का प्रयोग चुनाव आयोग के दिशा निदेर्शों के अनुसार करने का आग्रह भी किया। जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य नेगी, एडीएम कानून एवं व्यवस्था राहुल चौहान के अलावा इस मौके पर एसी टू डीसी डॉ.पूनम बंसल, एसडीएम शिमला शहरी भानू गुप्ता, एसडीएम शिमला ग्रामीण निशांत ठाकुर, तहसीलदार शिमला शहरी एचएल घेजटा, तहसीलदार शिमला ग्रामीण संजीव गुप्ता सहित कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधि भी इस मौके पर उपस्थित रहे।

# एसआईयू टीम ने एक शख्स को स्मैक सहित किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर पुलिस की एसआईयू टीम में उपमंडल पांवटा साहिब के जामनीवाला रोड़ पर एक शख्स को स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस की टीम जामनीवाला रोड़ पर नाकाबंदी कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने तारूवाला से जामनीवाला की ओर जा रहे एक बाइक सवार (एचपी-11ए-2126) को जांच के लिए रुकवाया।



जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक प्लास्टिक का लिफाफा बरामद हुआ। जांच के दौरान उस लिफ फे से स्मैक बरामद हुई जोकि 15.29 ग्राम पाई गई।

मामले की पुष्टि डीएसपी रमाकांत ठाकुर ने की है। उन्होंने बताया कि पुलिस आरोपी से मामले की पूछताछ कर रही है।

# पांवटा साहिब में मनमाना किराया वसूल रहे ई-रिक्शा चालक

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/एसपी जैरथ**

गुरु की नगरी पांवटा साहिब में ई-रिक्शा चालक आम आदमी के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। आलम यह है कि पांवटा साहिब में ई-रिक्शा चालकों द्वारा लोगों से मनमाना किराया वसूला जा रहा है। मनमाना किराया वसूले जाने से परेशान पांवटा साहिब के लोगों ने एसडीएम पांवटा साहिब से मुलाकात की। साथ ही उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा।

पहाड़ी कॉलोनी विकास समिति कुंजा मतरालियो के अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में एसडीएम से मिले। लोगों ने बताया कि पांवटा साहिब में ई-रिक्शा चालकों द्वारा न्यूनतम किराया रूपए 20



लिया जा रहा है, जबकि पहले यह किराया रूपए 10 था। वही इस दौरान आम आदमी पार्टी के नेता और एंटी करप्शन ब्यूरो के संयोजक नाथूराम चौहान भी एसडीएम से मिलकर मांग की कि ई-रिक्शा चालकों द्वारा जो मर्जी का किराया वसूला जा रहा है उस पर रोक लगाई जाए।

नाथूराम चौहान ने बताया कि पांवटा साहिब में न्यूनतम किराया रूपए10 निर्धारित किया गया था, लेकिन कुछ ही दिनों से ई रिक्शा चालक रूपए 20 किराया वसूल रहे हैं, जिससे आम आदमी पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा ई-रिक्शा चालकों की मनमर्जी पर लगाम नहीं कसी तो मजबूरन उन्हें संघर्ष का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा। चौहान ने बताया कि शिव मंदिर मतरालियों से बस स्टैंड तक रूपए10 किराया लिया जाता था। वही डिग्री कॉलेज से भी रूपए 10 किराया निर्धारित किया जाना चाहिए।

तारूवाला से बस स्टैंड तक भी रूपए10 किराया लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब लोग अधिक किराया वसूले जाने को लेकर ई रिक्शा चालकों से बात करते हैं तो वह बदसलूकी पर उतर जाते हैं। उन्होंने बताया कि यदि ई-रिक्शा चालकों की मनमानी पर नकेल नहीं कसी तो मजबूरन उन्हें संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

# जमीनी विवाद में एक-दूसरे पर दराट से हमला

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर के उपमंडल शिलाई के तहत गांव कांडो भटनोल में जमीनी विवाद को लेकर दो परिवारों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट के बीच एक व्यक्ति ने दूसरे पर दराट से जानलेवा हमला कर उसकी बाजू काट कर अलग कर दी। घायल व्यक्ति नारायण सिंह का उपचार पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा है। वहीं पुलिस ने घटना के संदर्भ में मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई है। जानकारी के मुताबिक, दो



परिवारों में कहासुनी के चलते मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते मारपीट इतनी बढ़ गई थी वीरेंद्र सिंह ने नारायण सिंह पर दराट से हमला कर दिया। इस जानलेवा हमले में नारायण की बाजू कट कर अलग हो गई। घटना के बाद व्यक्ति को तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गयाए जहां हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे तुरंत पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया है। वहीं इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है।

# 8 अप्रैल को लठियानी में होगा विशाल निरंकारी संत समागम

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/राजन पुरी**

संत निरंकारी मिशन की शाखा लठियाणी के श्रद्धालु भक्तों द्वारा 8 अप्रैल को एक विशाल संत समागम का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी संत निरंकारी मिशन शाखा लठियाणी के मुखी अमृत ने दी। उन्होंने बताया कि विशाल संत समागम सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक होगा। संत समागम में जिला ऊना के अनेक स्थानों से संत महात्मा हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि संत निरंकारी मिशन पिछले 95 वर्षों से विश्व के कोने-कोने में संत समागमों द्वारा प्रेम व भाईचारे का संसार का पैगाम पहुंचा रहा है।

# घर बैठे आएगा चालान का गिफ्ट

## सडक सुरक्षा क्लब और ट्रैफिक पुलिस ने बिछाया शहर में तीसरी आंख का जाल



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

नाहन शहर में ट्रैफिक नियमों की अवहेलना और रैश ड्राइविंग करने वालों की अब खैर नहीं है। ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों पर अब शहर में जगह-जगह हिडन कैमरा मुस्तैद हो गए हैं। अब यदि किसी ने भी रैश ड्राइविंग अथवा मोटर व्हीकल नियमों की अनदेखी करी तो मौके पर नहीं बल्कि गिफ्ट के तौर पर घर बैठे ही आपका चालान पहुंच जाएगा। यह व्यवस्था सडक सुरक्षा क्लब के अध्यक्ष विशाल तोमर की टीम तथा नाहन की ट्रैफिक पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से बनाई गई है। बड़ी बात तो यह है कि नियमों की अवहेलना करने वालों को अब ट्रैफिक पुलिस रोकेगी नहीं बल्कि जगह-जगह छुपे हुए हिडन कैमरे उन पर ऐसी लगाम लगाएंगे कि फिर से रैश ड्राइविंग और ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने की जुरत नहीं करेंगे। वहीं सडक सुरक्षा क्लब के अध्यक्ष विशाल तोमर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दोपहिया और चौपहिया वाहन चलाते हुए पैदल चलने वालों को भी उचित जगह दें और उनकी सुरक्षा का भी ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि हमारी ट्रैफिक पुलिस मित्र पुलिस की भूमिका निभाती है। इसीलिए सडक पर सुरक्षा के लिए हर व्यक्ति को अपनी नैतिक जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। वहीं उन्होंने बाजार में दोपहिया वाहन चालकों से भी अपील करते हुए कहा कि जो समय निश्चित किया गया है उसी समय बाजार से गाड़ी निकाले। उन्होंने कहा कि यदि आपात स्थिति है तो ट्रैफिक पुलिस को जानकारी देकर अपने वाहन को पैदल बाजार में घर तक लेकर जाएं। विशाल तोमर ने कहा कि सडक और वाहन सुरक्षित तौर से घर तक जाने का एक जरिया है और यदि इन दोनों पर लापरवाही बरती जाती है तो यह घर की जगह परलोक जाने का जरिया भी बन जाता है।

# हिन्दू धर्म के आस्था का प्रतीक हैं वीर हनुमान

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

धर्म संघ भूतनाथ मंदिर मंडी व वीर मंडल द्वारा पहली मर्तबा सार्वजनिक रूप से हनुमान घाट में संकटमोचन भगवान हनुमान की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान भगवान हनुमान की विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर महाआरती की गई जिसमें मंडी शहर की विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों सहित स्थानीय लोगों ने भाग लिया। धर्म संघ भूतनाथ के प्रधान धर्म चंद सरोच वीर मंडल मंडी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर वैद्य ने कहा कि मंडी



जिला में पहली मर्तबा सार्वजनिक रूप से हनुमान जन्मोत्सव पर इस तरह का आयोजन किया जा रहा हैं।उन्होंने कहा इस तरह से हमारी युवा पीढ़ी सनातन से जुड़ेगी और अपने संस्कारों से अवगत होगी। हनुमान घाट स्थित प्राचीन हनुमान की मूर्ति की विधिवत पुर्जा अर्चना की गई हैं। सुबह से ही निरन्तर हनुमान चालीसा का उच्चारण के साथ भगवान हनुमान की महाआरती आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि पहली मर्तबा इस तरह का आयोजन हो रहा हैं जिसकी जिम्मेदारी युवा पीढ़ी को ही सौंपी गई हैं।आने वाले समय मे इस विशाल रूप से इसका आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में भगवान राम का स्थान सर्वोपरि है तथा उनके भक्त हनुमान जी को कलयुग में मानस का उद्धार करने के लिए अजर अमर का वरदान दिया गया है। हनुमान जी को वीर बजरंगबली के साथ-साथ संकट मोचक व बालाजी के नाम से भी पुकारा जाता है। दक्षिण भारत में जहां बालाजी के नाम से हनुमान जी को याद किया जाता है तो वहीं उत्तरी भारत में इसे संकट मोचन के नाम से भी जाना जाता है। सनातन संस्कृति में हर व्यक्ति की आस्था, पूजनीय, आदर्श और श्रद्धा हनुमान जी के साथ रहती है तथा जब हनुमान जी प्रसन्न हो जाते हैं तो भगवान राम भी प्रसन्न होते हैं। छोटी काशी मंडी में हनुमान जन्मोतव पहली मर्तबा हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।

# प्रशासन एवं विभाग के हस्ताक्षेप बाद चाड़ना-शिवपुर-संगड़ाह मार्ग बहाल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जनपद सिरमौर के उपमंडल संगड़ाह के अंतर्गत आने वाली शिवपुर पंचायत में हरिजन बस्ती चामड़ा के लोगों द्वारा पिछले कल से मार्ग के बीचो-बीच अवरोध खड़ा करने के लिए ढारे बनाकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। जिसमें 2 दिनों से दर्जनों वाहन एवं बसें फंसी रही लेकिन हरिजन बस्ती चमड़ा के लोग एवं उनके समर्थन में उतरे भीम आर्मी वहां से टस से मस नहीं हो रहे थे। प्रशासन एवं विभाग की भारी मशक्कत के बाद बुधवार दोपहर बाद शिवपुर में ढारे बना कर बाधित किए गए चाड़ना संगड़ाह मार्ग को



आवागमन के लिए खोला गया। इस अभियान में पुलिस उप अधीक्षक मुकेश कुमार, नायब तहसीलदार मदन शर्मा, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजेश गुलेरिया, स्थानीय पंचायत की प्रधान सरिता देवी के अलावा क्षेत्र के दर्जनों लोग मौजूद रहे। प्रशासन लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग द्वारा मार्ग में गतिरोध कर मार्ग को अवरुद्ध करने वाले लोगों को समझा-बुझाकर मार्ग खोलने के लिए राजी किया गया। यह गतिरोध उस समय पैदा हुआ जब चाड?ा-शिवपुर मार्ग से चावड़ा हरिजन बस्ती के लिए बने संपर्क मार्ग पर गांव के एक व्यक्ति द्वारा पशुशाला बना दी गई थी। लोक निर्माण विभाग द्वारा की गई पहल में राजस्व विभाग सहायता से विवादित मार्ग की डीमारकैशन करवाई गई तो मार्ग में जिस स्थान पर पशुशाला बनाई गई थी वह जगह उक्त मालिक की निकली तथा जिस स्थान की गिफ्ट डीड की गई थी वह कई अन्य स्थान पर निकली। जिस पर लोक निर्माण विभाग ने लोगों से कुछ समय बाद इस मार्ग को गिफ्ट डीड किए हुए स्थान से निकालने का आश्वासन दिया। जिस पर चमड़ा बस्ती के लोगों ने सहमति जताकर मार्ग को आवागमन के लिए खोल दिया गया।

विवादित स्थल पर गए नायब तहसीलदार मदन शर्मा पुलिस उप अधीक्षक मुकेश डडवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर 2 बजे के बाद इस मार्ग को आवागमन के लिए खोल दिया गया है जिसमें विभाग के आश्वासन पर लोग सहमत हो गए हैं।

# प्रोफेसर हेमलता वैद्य के आकस्मिक निधन पर महाविद्यालय में शोक सभा आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की अंग्रेजी विभाग की पूर्व प्रोफेसर हेमलता वैद्य के आकस्मिक निधन पर महाविद्यालय में शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में प्रोफेसर हेमलता वैद्य को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की प्राचार्या प्रोफेसर सुरीना शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि वल्लभ महाविद्यालय मंडी के अंग्रेजी विभाग में प्रोफेसर हेमलता वैद्य ने लगभग दो दशक से अधिक समय



तक सेवाये दी है। प्रोफेसर हेमलता वैद्य ने वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी व प्रदेश विश्वविद्यालय से अपनी उच्च शिक्षा उत्तीर्ण करने के बाद वल्लभ महाविद्यालय मंडी के अंग्रेजी विभाग में बतौर प्रोफेसर अपनी सेवाएं दी। प्रोफेसर हेमलता वैद्य शानदार व्यक्तित्व की धनी, कुशल वक्ता, शिक्षाविद व मानवतावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण व्यक्तित्व रही है। प्रोफेसर हेमलता के आकस्मिक निधन से उनके विद्यार्थियों, सहकर्मियों व महाविद्यालय परिवार में दुख की लहर है। इस अवसर पर शैक्षणिक जगत में प्रोफेसर हेमलता वैद्य के योगदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर मेजर डॉ चेतन सिंह, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, प्रोफेसर मुक्ता वैद्य, प्रोफेसर बंदना, प्रोफेसर अर्चना, प्रोफेसर अदिति शर्मा, स्टाफ काउंसिल की सचिव डॉ पूनम शर्मा सहित शिक्षक वर्ग व गैर शिक्षक वर्ग ने शोक सभा में भाग लिया।

# 20 अप्रैल तक चलेगा मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण कार्य: डीसी राणा

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी राणा की अध्यक्षता में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण के संबंध में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में संबंधित विषयों पर समीक्षा के दौरान डीसी राणा ने स्थान छोड़ चुके मतदाताओं, मृतकों, दो अलग विधानसभा की मतदाता सूची में दर्ज लोगों डबल एंट्री को मतदाता सूची से हटाने के निर्देश जारी किए। उन्होंने राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त किए गए बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से भी ऐसे मतदाताओं को सूची से हटाने के लिए बूथ लेवल अधिकारी का सहयोग करने को कहा। डीसी राणा ने तहसीलदार निर्वाचन से बूथ लेवल अधिकारियों की नियुक्ति मामले में आवश्य कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित बनाया जाए कि मतदान केंद्र स्तर पर तैनात स्थानीय कर्मचारी को ही बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किया जाए।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 1 अप्रैल 2023 की अहर्ता तिथि के आधार पर फोटो युक्त मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण किया जा रहा है। पुनरीक्षण का कार्य 5 अप्रैल से 20 अप्रैल तक जिला के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों के समस्त मतदान केंद्रों पर चलाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एडीएम, एसडीएम व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार के कार्यालयों में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 5 अप्रैल को किया जाएगा। इन सभी स्थानों पर दावे और आक्षेप दाखिल करने की अवधि 5 अप्रैल से 20 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। इसी तरह सभी मतदान केंद्रों पर राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों सहित दावे व आक्षेप प्राप्त करने के विशेष अभियान की तिथि 8 व 9 अप्रैल तथा 15 व 16 अप्रैल रहेगी। उन्होंने बताया कि दावे व आक्षेप का निपटारा 28 अप्रैल को किया जाएगा। फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 10 मई को होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि एक जुलाई 2023 और 1 अक्तूबर, 2023 को 18 वर्ष या इससे अधिक की आयु पूर्ण करने वाले भावी मतदाता निर्वाचक नामावली में अपना नाम दर्ज करवाने के लिए 5 से 20 अप्रैल, 2023 तक प्रारूप-6 पर अपना आवेदन प्रस्तुत कर कर सकते हैं। इसके साथ मतदाता सूचियों में नाम दर्ज होने की पुष्टि इंटरनेट वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से भी ई-रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध है।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला चंबा द्वारा गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस 2023 का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कपिल शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें जीएनएम ट्रेनिंग स्कूल चंबा की लगभग 40 प्रशिक्षु छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रशिक्षु छात्राओं द्वारा भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया गया। जिसमें भाषण में दिव्या ने पहला स्थान, नविता ने दूसरा तथा भुवनेश्वरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में जानवी ने पहला, रिया ने दूसरा तथा मधु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कपिल शर्मा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जालम सिंह भारद्वाज द्वारा उपस्थित छात्राओं को स्वास्थ्य



के महत्व को समझाते हुए उन्हें अपने स्वास्थ्य, अपने परिवार तथा समाज के स्वास्थ्य को स्वस्थ कैसे रखना है के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों जैसे शरीर की निष्क्रियता, पौष्टिक आहार ना लेना, शराब,तंबाकू एवं नशीले पदार्थों का सेवन,मोटापा तथा तनावसे हमें दूर रहना चाहिए। क्यौकि इन्हीं के कारण पड़? वाले दुष्प्रभाव से शरीर में हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हार्ट डिजीज, कैंसर आदि कई बीमारियों का जन्म होता है। अतः हमें इन सब चीजों से दूर रहकर स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर जैसे कि नियमित रूप से व्यायाम व योगा करना, पौष्टिक आहार का सेवन करना जिसमें हरे पत्तेदार सब्जियों का अधिक से अधिक मात्रा में प्रयोग करना, शराब तंबाकू व नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहना तथा मोटापे पर काबू पाना, एवं नियमित रूप से साल में दो बार कम से कम चिकित्सक के पास अपनी स्वास्थ्य जांच करवाना आदि नियम अपनाकर अपने स्वास्थ्य को स्वस्थ रख सकते हैं।

उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षु छात्रा से अपील की कि वे ये उपाय स्वयं भी अपनाएं तथा समाज में भी इसके बारे में जागरूकता फैलाकर स्वस्थ समाज का निर्माण करने में मदद करें। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर करण हितेशी ने भी असंक्रामक बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# भांग की खेती को मिलेगा कानूनी दर्जा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश में भांग की खेती को जल्द ही कानूनी दर्जा मिल सकता है। प्रदेश विधानसभा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सलाह पर इस मुद्दे पर विधायकों की कमेटी गठित करने की घोषणा की है।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विधायक पूर्ण चंद ठाकुर द्वारा प्रदेश में भांग के औषधीय गुणों को देखते हुए जनहित में दूसरे राज्यों की तर्ज पर भांग की खेती को वैध बनाने को लेकर नियम 101 के तहत लाए गए संकल्प पर हुई चर्चा के बाद कमेटी गठित करने की घोषणा की। यह कमेटी बागवानी व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में गठित की गई है और

**8 मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सलाह पर इस मुद्दे पर विधायकों की कमेटी गठित करने की घोषणा की है**

विधायक हंस राजए मुख्य संसदीय सचिव सुंदर ठाकुर, विधायक पूर्ण ठाकुर और डॉ.जनक राज इस कमेटी के सदस्य होंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह कमेटी एक माह के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी। इससे पूर्व, संकल्प पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार भांग की पत्तियों और बीज के उपयोग पर पूरी जानकारी लेने के बाद कानून बनाने पर विचार करेगी। उन्होंने इसके लिए विधानसभा की एक कमेटी बनाने का सुझाव दिया, जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने स्वीकार कर लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कमेटी भांग के औषधीय गुणों और इसके उपयोग तथा दुरुपयोग पर एक माह के भीतर रिपोर्ट देगी। रिपोर्ट देने से पहले कमेटी ऐसे क्षेत्रों का दौरा करेगी, जहां बड़े पैमाने पर भांग की अवैध खेती होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में भांग की खेती को कानूनी दर्जा दे रखा है। इसके अलावा उत्तराखंड ने भी औद्योगिक प्रयोग के लिए भांग की खेती हो रही है। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस एक्ट में राज्य को भांग की खेती और इसे लाने-ले जाने का अधिकार दिया गया है।

## हिमोत्कर्ष नए सत्र में 57 महिलाओं को देगी निशुल्क राशन

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

हिमोत्कर्ष परिषद ने अमोदिनी महिला सशक्तिकरण सेवा प्रकल्प के तहत वर्ष 2023-24 के लिए जिला ऊना की 57 पात्र महिलाओं का चयन किया हैं। चयनित महिलाओं को हर माह 750 रुपए प्रत्येक की दर से राशन वितरण किया जाएगा। यह जानकारी हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर व हिमोत्कर्ष अमोदिनी सेवा प्रकल्प प्रभारी एवं परिषद के जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने दी। उन्होंने बताया कि नए सत्र में 57 महिलाओं को हर महीने सहायता के रुप में राशन वितरित किया जाएगा।

# उपायुक्त ने हेल्थ रन-हाफ मैराथन दौड़ को दिखाई हरी झंडी

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

उपायुक्त डीसी राणा ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष पर गुरुवार को चंबा के ऐतिहासिक चौगान से हेल्थ रन-हाफ मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाई।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के संयुक्त तत्वाधान में आज हाफ मैराथन-2023 का आयोजन किया गया।

मैराथन के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए डीसी राणा ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली के प्रति सभी लोगों द्वारा विशेष सजगता रखी जानी चाहिए।

उन्होंने ये भी कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखना ही इस प्रकार के




आयोजनों का मुख्य उद्देश्य रहता है। संतुलित खानपान के साथ शारीरिक दमखम को बनाए के लिए खेलकूद, व्यायाम और अन्य फिटनेस से संबंधित गतिविधियों को भी उन्होंने नियमित दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए स्वयं देखभाल कर स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना चाहिए। इससे पहले डीसी राणा ने चौगान नं-4 से मैराथन रेस को हरी झंडी दिखाई। इसमें 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने भरमौर चौक,जुलाहखड़ी, हरदासपुर, करियां होते हुए वापिस चौगान नं-4 में पहुंचकर 8 किलोमीटर लंबी मैराथन दौड़ को पूरा किया।

इस दौरान डीसी राणा को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.कपिल शर्मा ने पौधा भेंटकर सम्मानित भी किया। उपायुक्त ने महिला और पुरुष वर्ग में प्रथम रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार के रूप में साइकिल भेंट की। इसके साथ महिला और पुरुष वर्ग में दूसरे और तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जालम भारद्वाज, जिला कार्यक्रम अधिकारी स्वास्थ्य डॉ करण हितेषी, जिला समन्वयक ममता एनजीओ अजय कुमार आशीष चौधरी भी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### विकास कार्यों के लिए 82 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश में विकासात्मक कार्यों को गति प्रदान करने के लिए 82 करोड़ रुपये से अधिक की पहली किस्त जारी कर दी है।

इसमें विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के तहत 34.29 करोड़ रुपये, विकास में जन सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत 12.37 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री ग्राम पथ योजना के अंतर्गत 2.20 करोड़ रुपये और प्रदेश के 10 जिलों के लिए क्षेत्रीय विकेन्द्रीकृत योजना के अंतर्गत 26.19 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, किन्नौर, लाहौल-स्पीति, पांगी और भरमौर के जनजातीय क्षेत्रों को विधायक विकास निधि के तहत 5.62 करोड़ रुपये और विकास में जन सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत 2.07 करोड़ रुपये अतिरिक्त प्रदान किए गए हैं।

राज्य सरकार इन योजनाओं के अंतर्गत विकास गतिविधियों के लिए चार तिमाहियों में धनराशि जारी करती है, जिसे विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक के परामर्श पर खर्च किया जाता है।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वर्ष 2023-24 के बजट में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि बढ़ाकर 2.10 करोड़ रुपये करने की घोषणा की है और उसी के अनुसार पहली किस्त जारी की जा चुकी है। बजट में विधायकों की ऐच्छिक निधि को भी बढ़ाकर 13 लाख किया गया है और विधायकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर राज्य सरकार विधायक प्राथमिकता योजनाओं के लिए नए दिशानिर्देश जारी करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार के कुप्रबंधन के कारण प्रदेश खराब वित्तीय हालात से गुजर रहा है और वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था को सुधारने के लिए समुचित उपाय कर रही है। लोगों की सुविधा के दृष्टिगत राज्य में विकास कार्यों को गति देने के लिए पर्याप्त धनराशि का प्रावधान किया जा रहा है। सही निर्णय और लोगों के सहयोग से हिमाचल प्रदेश अगले दस वर्षों में देश का अग्रणी राज्य बन कर उभरेगा।

सरकार ने विकास के लिए इस वित्त वर्ष में 10 हजार करोड़ रुपये व्यय करने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिससे प्रदेश की आर्थिकी में धन का प्रवाह बढ़ेगा।

# जिला रेडक्रॉस सोसाइटी कुल्लू द्वारा बहुआयामी दिव्यांगता आंकलन शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला रेड क्रॉस सोसाइटी कुल्लू द्वारा आज स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आनी में बहुआयामी दिव्यांगता आंकलन शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल्लू से आये स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों चिकित्सको के मेडिकल बोर्ड द्वारा 200 दिव्यांग जनों की दिव्यांगता का आंकलन किया गया। जिन दिव्यांग जनो में 40 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता पाई गई उन्हें दिव्यांगता प्रमाणपत्र प्रदान किये गए। इस दौरान पूर्व में चिकित्सा बोर्ड द्वारा चिह्नित 20 दिव्यांग जनो को उपायुक्त आशुतोष गर्ग द्वारा आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान



किये। उपायुक्त ने कहा कि आनी में दिव्यांग आंकलन स शिविर आयोजित करने का मुख्य दृश्य दिव्यांग जनों को उनके घर द्वार के निकट दिव्यांगता जांच सुविधा उपलब्ध करवाना है करवाना है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से आज कुल्लू स्थित क्षेत्रीय अस्पताल से विशेषज्ञ चिकित्सकों का दल यहां आया है जो यहां उपस्थित सभी दिव्यांग जनों की चिकित्सा जांच करेगा और जो दिव्यांगजन 40प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले हैं उन्हें दिव्यांग का प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज चिकित्सा बोर्ड द्वारा जिन दिव्यांग जनों को आवश्यक सहायक उपकरण प्रयोग करने की सलाह दी जाएगी उन्हें जिला रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गत वर्ष जिन दिव्यांग जनों को चिकित्सा बोर्ड द्वारा व्हीलचेयर, चलने की छड़ी, सुनने की मशीन इत्यादि की सिफारिश की गई थी उन्हीं को आज जिला रेडक्रॉस सहायक उपकरण प्रदान किए गए हैं। उन्होंने दिव्यांग जनों से कहा कि सरकार द्वारा उनके पुनर्वास के लिए अनेक योजनाएं आरंभ की गई है उन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा रोजगार स्थापित करने के लिए दिव्यांग जनों को प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चिन्हित किए गए हैं ताकि हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर इन कार्यक्रमों का कार्यक्रमों के माध्यम से अपना रोजगार व स्वरोजगार शुरू कर सकें उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा दिव्यांग जनों को 6 प्रतिशत महिलाओं को 5 प्रतिशत व्याज पर अपने रोजगार के लिए ऋण दिया जाता है। एसडीएम नरेश वर्मा ने उपायुक्त का स्वागत किया तथा सचिव रेडक्रॉस वीके मोदगिल ने रेडक्रॉस सोसाइटी कुल्लू द्वारा किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दीए शिविर में सहायक आयुक्त शशिपाल नेगी, सीएमओ डा. नागराज, जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार, तहसीलदार आनी दलीप शर्मा, तहसील कल्याण अधिकारी अभिषेक शर्मा, मैडिकल स्पैस्लिस्ट डा. कल्याण सिंह सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित थे।

## पंडोगा कॉलेज में लगाया स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरीः** आईटीआई पंडोगा में वीरवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के पर जिला स्तरीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी शारदा सारस्वत ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य जन समुदाय को तंदरुस्त रहने के लिए जागरूक करना है। इस अवसर पर ओद्यौगिक संस्थान के प्रशिक्षुओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता भी करवायी गयी, जिसमें हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित पुरुस्कृत किया गया।

# प्रदेश में शुरू हुआ भाजपा का दीवार लेखन कार्यक्रम: कश्यप

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में राज्य स्तरीय दीवार लेखन कार्यक्रम का शुभारंभ दीप कमल चक्कर भाजपा मुख्यालय से हुआ, इसके बाद यह दीवार लेखन कार्यक्रम सभी जिला एवं मंडल में होगा। इसके लिए सभी जिला अध्यक्षों और मंडल अध्यक्षों को दिशा निर्देश दे दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली से भाजपा के स्थापना दिवस पर इस कार्यक्रम



का शुभारंभ किया और सभी भाजपा का नेता अपने-अपने मंडलों में इस कार्यक्रम को सुनियोजित तरीके से करेंगे, उन्होंने कहा कि दीवार लेखन का कार्यक्रम राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम है और उसको बूथ तक ले जाना सभी कार्यकर्ताओं का कार्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए बूथ स्तर पर कार्य कर रही है और आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा का राष्ट्र से लेकर प्रदेश स्तर तक अच्छा प्रदर्शन रहने वाला है। भाजपा एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनाने जा रही है।

# औट-बंजार-सैंज राजमार्ग के विस्तारीकरण की रिपोर्ट केंद्रीय अनुमति हेतु भेजी जाएगी :शौरी

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

औट बंजार सैंज सडक को वर्षों पहले राष्ट्रीय राजमार्ग के तौर पर चिन्हित किए जाने के बाबजूद अब तक इसे राजमार्ग के तौर पर स्तरोन्नत किए जाने की दिशा में कोई विशेष प्रगति नहीं हो पाई है। सडक की बदहाली से स्थानीय जनता में आक्रोश भी व्याप्त है।

विधानसभा बजट सत्र के दौरान बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी पूछे सवाल के जबाब में सरकार द्वारा इस वित्त बर्ष के अंत तक पूरे राजमार्ग के विस्तारीकरण की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर लेने की बात कही गई है। प्रथम चरण में सैंज से कंडूगाड़ तक 540.7 करोड़ रुपये की सडक विस्तारीकरण की विस्तृत परियोजन रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है, जिसे जल्द ही केंद्रीय सडक एवम् परिवहन मंत्रालय की स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जाएगा। द्वितीय चरण में कंडूगाड़ से खनाग और घियागी से औट तक सडक विस्तारीकरण की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भी इसी बर्ष तैयार किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। विधायक शौरी ने कहा है कि पूर्ण विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार हो जाने के पश्चात इसकी स्वीकृति के लिए केंद्रीय सडक एवम् परिवहन मन्त्री से विशेष आग्रह किया जाएगा।

विधायक सुरेंद्र शौरी ने जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व सरकार के



कार्यकाल में इस सडक पर लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से स्थान की उपलब्धता के मद्देनजर डंगे व क्रैश बैरियर लगाए गए हैं। बीते वित्त बर्ष में ही बंजार नगर मे पहले चरण में पैनर बिछाने का कार्य किया गया है व दूसरे चरण में 38.7 लाख रुपये की राशि भी पैबर कार्य के लिए पूर्व सरकार द्वारा स्वीकृत की गई थी। जबकि ठेकेदार व विभाग की लचर कार्यप्रणाली के कारण यह कार्य भी अधर में लटका है। पूर्व में ही स्वीकृत की गई 8 करोड़ की लागत से इस राजमार्ग पर शेष बची टारिंग का कार्य भी ठेकेदार व विभागीय लचरता के कारण नहीं हो पाया है। इस सबंध में विभाग से पत्राचार भी किया गया है। जलोड़ी सुरंग के सबन्ध में परियोजना प्रबंधन का कार्य आबंटित किया जा चुका है व डीपीआर निर्माण का कार्य भी प्रगति हैए जिसे सरकार द्वारा इसी बर्ष केंद्रीय स्वीकृति के लिए भेजा जाना प्रस्तावित है।

# 44 वर्ष की हुई भाजपा, टोनी देवी में आयोजित हुआ स्थापना दिवस कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

2024 में एक बार फिर से मोदी को लाना है देश में भाजपा के उम्मीदवारों को बंपर मतों से जिताना है इस बात का प्रण हर कार्यकर्ता को करना है इसलिए आज से ही फील्ड में डट जाओ जो भी जिम्मेदारी दी जा रही है उसका ईमानदारी दृढ़ निश्चय के साथ निर्वहन करो तो जीत तुम्हारी होगी यह बात पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कहा कि मात्र दो सांसद जीतने के साथ भारतीय जनता पार्टी का सफर शुरू हुआ था और आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की बागडोर संभाले हुए हैं



यह तमाम चीजें तमाम बातें तभी संभव हो पाई है जब देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर विश्वास किया उनकी योजनाओं पर मुहर लगाई उन्होंने कहा कि आज स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को एक प्रण लेना है और उसमें अपने आप को साक्षी मानकर कसम खानी है कि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में हिमाचल के चारों सांसद बंपर मतों से जीतवाकर दिल्ली भेजने हैं उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता संगठन की रीड की हड्डी होते हैं और कार्यकर्ता रीड की हड्डी बन कर काम करें आने वाले 365 दिन पूरा एक साल पार्टी के काम में लगाना है जो भी जिम्मेवारी मिलेगी उसका ईमानदारी के साथ निर्वहन करना है उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा चुनाव पार्टी के कार्यकर्ता हारे है 2017 में वह खुद हार गए लेकिन कार्यकताओं ने हिम्मत नहीं छोड़ी 2017 में 1900 मतों से पार्टी उम्मीदवार की हार हुई लेकिन लोकसभा उम्मीदवार को यहां की जनता ने 25 हजार मतों के लिड्ड दिलवाई 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी कार्यकर्ता मात्र 399 मतों से हारा है इसलिए इस बार लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा उम्मीदवार को 30,000 के लिड्ड दिलवानी है और यह हो सकता है कार्यकर्ता कर सकते हैं और कार्यकताओं ने करके दिखाया है इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल का पार्टी कार्यकर्ता सहित मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया भाजपा मंडल अध्यक्ष विरेंद्र ठाकुर जिला परिषद सदस्य रंजीत सिंह भाजपा नेता विजय बहल पंचायत प्रधान भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी विनोद ठाकुर महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना चौहान सहित गणमान्य लोग पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। धूमल ने प्रदेश की कांग्रेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा 2024 में फिर से मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनाने की तैयारी कर रही है जिसके लिए मात्र 365 दिन शेष है और कांग्रेस प्रदेश में उनकी स्थापित सरकार के 100 दिन पूरे होने का गुणगान कर रही है लेकिन सच्चाई यह है कि 100 दिन के भीतर एक भी ऐसी चीज धरातल पर नहीं उतरी है जिसका गुणगान हो सके लोगो ने उनके घरों के बाहर जो कांग्रेस पार्टी ने चुनावों से पहले 10 गारंटिया लिखवाई थी अब उनको खुद ही मिटाने लग पड़े हैं।

# नौतोड़ मामलों का सर्वमान्य हल सुनिश्चित करेगी प्रदेश सरकार: मुख्यमंत्री सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार किन्नौर जिले में नौतोड़ भूमि मामलों के सभी पहलुओं की जांच कर इसका सर्वमान्य समाधान निकालेगी। मुख्यमंत्री ने बुधवार सायं यहां किन्नौर वेलफेयर सोसायटी के कार्यक्रम तोशिम-2023को संबोधित करते हुए कहा कि किन्नौर जिला अपनी समृद्ध संस्कृति के लिए विश्वविख्यात है और वर्तमान राज्य सरकार जनजातीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार सेब उत्पादकों को अधिक लाभ प्रदान करने के लिए राज्य में 10 सीए नियंत्रित



वातावरण स्टोर स्थापित कर रही है ताकि उन्हें बिचौलियों के शोषण से बचाकर उनके उत्पादों के लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि विभाग ने इन सीए स्टोरों की स्थापना के लिए निविदाएं जारी कर दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल की स्थापना के लिए किन्नौर जिले में भूमि चिन्हित कर ली गई है। इस स्कूल का परिसर 40 बीघा भूमि में स्थापित किया जाएगा और इसका निर्माण कार्य इसी वर्ष शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये स्कूल राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में खोले जाएंगे, जो विद्यार्थियों को उनके घरों के नजदीक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान सरकार ने राज्य के पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से हरित बजट पेश किया है। सरकार दीर्घकालिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत हरित ऊर्जा और हरित अमोनिया के उत्पादन की दिशा में प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था काफी हद तक पर्यटन पर निर्भर करती है और सरकार इस क्षेत्र को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा के लिए राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में हेलीपोर्ट विकसित किए जाएंगे। इससे राज्य के युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार समाज के हर वर्ग का कल्याण सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सुख-आश्रय विधेयक-2023 को वर्तमान विधानसभा सत्र में प्रस्तुत किया गया है। इससे राज्य के लगभग 6000 अनाथ सम्मानजनक तरीके से जीवन-यापन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में गोद लिया जाएगा। इसके अंतर्गत 27 वर्ष की आयु तक उनकी उच्च शिक्षा, जेब खर्च और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह ने समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए बॉक्सर मीनाक्षी नेगी और जम्मू-कश्मीर में कार्यरत प्रधान आयुक्त जीएसटी हीर भगत नेगी सहित विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट व्यक्तियों को भी सम्मानित किया।

# जादूगर शंकर सम्राट ने कुलदीप सिंह पठानिया से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

गत दिवस बजट सत्र के अंतिम दिन जादूगर शंकर सम्राट ने विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया तथा मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू से विधान सभा अध्यक्ष के कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। इस अवसर पर लोक निर्माण तथा युवा सेवायें एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह तथा विधायक नंद लाल व पूर्व विधायक तिलक राज भी मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### शिमला के जाखू मंदिर में हनुमान जयंती पर चढ़ाया गया डेढ़ क्विंटल का रोट

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**



हिंदू धर्म में चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस दिन राम भक्त, पवन पुत्र हनुमान जी का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। देशभर में गत दिवस हनुमान जयंती का त्योहार मनाया जा रहा है। हनुमान जयंती चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाई जाती है। हनुमान जयंती को पवन पुत्र के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। देशभर में भगवान हनुमान के हजारों मंदिर हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला जाखू में बना भगवान हनुमान का मंदिर बेहद ऐतिहासिक होने के साथ भक्तों की आस्था का प्रतीक है। राजधानी शिमला के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर जाखू में हनुमान जयंती पर डेढ़ क्विंटल का रोट चढ़ाया गया। जाखू मंदिर में पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने अपनी धर्म पत्नी के साथ मंदिर में पूजा अर्चना की। मंदिर के मुख्य पुजारी वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि हनुमान जयंती पर जयंती पर सुबह 4 बजे मंदिर के कपाट खोले गए। जिसके बाद हनुमान जी का श्रृंगार दिल्ली से मंगवा, कमल, जैस्मीन और गुलाब के फूलों से किया गया। वहीं जाखू मंदिर में सुबह हवन भी किया गया, जिसमें शिमला शहरी विधायक हरीश जनार्था ने हवन में आहुतियां डाली। इस अवसर पर मानस संकीर्तन मंडल की ओर से सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। उन्होंने कहा कि हिमालय की ओर जाते हुए भगवान हनुमान की नजर राम नाम जपते हुए ऋषि यक्ष पर पड़ी। इस पर हनुमान यहां रुककर ऋषि यक्ष के साथ भेंट की और आराम किया।भगवान हनुमान ने वापस लौटते हुए ऋषि यक्ष से भेंट करने का वादा किया, लेकिन वापस लौटते समय भगवान हनुमान को देरी हो गई। समय के अभाव में भगवान हनुमान छोटे मार्ग से चले गए। ऋषि यक्ष भगवान हनुमान के न आने से व्याकुल हो उठे। ऋषि यक्ष के व्याकुल होने से भगवान हनुमान इस स्थान पर स्वयंभू मूर्ति के रूप में प्रकट हुए।

### पांवटा मंडल ने हर्षोल्लास से मनाया भाजपा का 44वां स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन//एसपी जैरथ**

भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस को पाँवटा साहिब मंडल के कार्यकताओं ने हर बूथ व ग्राम केंद्र पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। युवा मोर्चा अध्यक्ष चरणजीत सिंह ने बताया की पार्टी के 44वें स्थापना दिवस को भारतीय जनता पार्टी मण्डल पाँवटा साहिब के कार्यकर्ताओं ने हर बूथ पर एकत्रित होकर बनाया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश भर के कार्यकताओं का सम्बोधन को कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर सामूहिक रूप से सुना। कार्यकर्ताओं ने पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने व इसे शुरू करने वाले महापुरुषों को याद किया। पार्टी स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक बूथ पर एक दूसरे कार्यकर्ताओं को मिष्ठान वितरित कर एक दूसरे को बधाई दी। कार्यकताओं ने इस अवसर पर अपने-2 घरों पर पार्टी का ध्वज फहराया।

### शारीरिक शिक्षा अध्यापकों की काऊंसलिंग स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

शारीरिक शिक्षा अध्यापकों के 39 पदों के लिए 17 व 18 अप्रैल को उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा के कार्यालय में प्रस्तावित काऊंसलिंग को आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ऊना देवेंद्र चंदेल ने बताया कि हाईकोर्ट में लंबित मामला होने के कारण यह निर्णय लिया गया है।

# डीसी ने बाल आश्रम सुजानपुर में लिया सुविधाओं का जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने वीरवार को बाल आश्रम सुजानपुर का दौरा किया और वहां रहने वाले बच्चों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों को फ ल, मिठाइयां और उपहार वितरित किए। उपायुक्त ने बाल आश्रम में काफी समय बिताया और बच्चों के साथ उनकी अभिरुचियों तथा कॅरियर के संबंध में भी बातचीत की। बच्चों ने भी उपायुक्त के साथ खुलकर अपने विचार साझा किए। उपायुक्त ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी, बाल आश्रम के संचालकों और कर्मचारियों से आश्रम में दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को बाल आश्रम में किशोर न्याय अधिनियम के तहत सभी सुविधाओं का प्रावधान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बेसहारा बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के तहत कई सुविधाएं उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। उपायुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों को इन सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा पात्र बच्चों तक इनका लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे बच्चों को भ्रमण एवं एक्सपोजर विजिट्स भी करवाएं।

# बेमौसमी बारिश से मटर की फसल को नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया/राजगढ़/एसपी जैरथ**

राजगढ़ क्षेत्र में बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि होने से मटर की फसल काफी प्रभावित हुई है जिसके चलते किसानों को मटर के रेट अच्छे नहीं मिल पा रहे हैं। बता दें कि राजगढ़ क्षेत्र में इन दिनों मटर का सीजन पीक पर है। सर्दियों में इस वर्ष कम बारिश होने के चलते मटर की फसल की पैदावार किसानों द्वारा औसतन बताई जा रही है जोकि तय समय से करीब एक पखवाड़ा पहले तैयार हो गई थी। बारिश होने के कारण सब्जी मंडी सोलन राजगढ़ में मटर की कम आवक होने से बुधवार को मटर का भाव औसतन 50 रुपए रहा। विनोद कुमार आढ़ती का कहना है कि बुधवार को मटर की दरों में कमी आई है। राजगढ़ क्षेत्र का मटर 45 से 50 रुपए तथा करसोग क्षेत्र का मटर 55 रुपए प्रति किलोग्राम बिका। बारिश व ओलावृष्टि से अनेक किसानों को मटर के बीज का पैसा भी हासिल नहीं हो पाया है। हालांकि बारिश होने से पहले राजगढ़ व सोलन मंडी में मटर का रेट औसतन 30 से 40 रुपए रहा। ट्रांस्पोर्टर प्रदीप ब्रागटा ने बताया कि बीते वर्ष भी सोलन मंडी में मटर 40 रुपए प्रति किलोग्राम बिका था। जबकि वर्ष 2021 में सब्जी मंडी सोलन में पहाड़ी मटर अधिकतम 60 रुपए प्रति



किलोग्राम तक बिका। कृषि विभाग के अनुसार मौसम में आए बदलाव के कारण जहां इस वर्ष मटर का उत्पादन भी कम होना बताया जा रहा है। बता दें हर वर्ष मार्च के अंतिम व अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में राजगढ़ क्षेत्र में मटर की पहली फसल निकलना आरंभ होती है। इसके उपरांत टमाटर, शिमला मिर्च, फ्रांसबीन का सीजन आरंभ हो जाएगा। राजगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिदिन मटर से लदी गाड़ियां प्रदेश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी सोलन के अतिरिक्त राजगढ़ व सनौरा पहूंच रही है। पहाड़ी मटर की देश की मंडियों में काफी मांग रहती है। कृषि विभाग राजगढ़ के प्रभारी एसएमएस हीरा लाल आजाद ने बताया कि इस वर्ष विभाग द्वारा राजगढ़ क्षेत्र में 76 क्विंटल मटर का बीज एचपीएम-1 किस्म का उपलब्ध करवाया गया है जिसमें तीन क्विंटल मटर बीज डेमोस्ट्रेशन के तौर पर कोटी पधोग के किसानों को दिया गया है।

# शून्य से शुरू हुई भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

44 वर्ष पहले भाजपा शून्य से शुरू हुई थी और आज कार्यकताओं के अथक प्रयासों से पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। यह बात भाजपा के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा के जिला कुल्लू के अध्यक्ष भीमसेन शर्मा ने कही। उन्होंने सबसे पहले सुवह भाजपा का ध्वजारोहण किया और उसके बाद अटल सदन में अटल की मूर्ति पर मालार्पण की। उसके बाद उन्होंने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 1980 में हम शून्य से शुरू हुए थे और आज देश में सबसे



अधिक विधायकों व सांसदों बाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि आज 44 वर्षों वाद भाजपा की 18 से 20 राज्यों में सरकारें हैं। जबकि 40 वर्ष पहले एकतरफा रुझान कांग्रेस की तरफ ही था और कांग्रेस ने क्या-क्या किया यह सब जानते हैं। उन्होंने हनुमान जयंती की सबको बधाई देते हुए सभी कार्यकताओं को स्थापना दिवस की भी बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश के लोगों ने देश के प्रधानमंत्री व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का उद्बोधन सुना। उन्होंने कहा कि यह पूरा सप्ताह सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा।

### भद्रकाली में दुकानदार से 75 बोतल शराब बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना गगरेट के तहत भद्रकाली में पुलिस ने एक दुकानदार से 75 बोतल अवैध शराब बरामद की है। आरोपी की पहचान सतिंद्र कुमार निवासी भद्रकाली के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गगरेट पुलिस की टीम बुधवार देर शाम को भद्रकाली क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने पर भद्रकाली में एक दुकान की तलाशी ली, जहां से पुलिस ने 75 बोतल अवैध शराब बरामद की। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ऊर्जा दक्षता ब्यूरो**

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)
चौथा तल, सेवा भवन, आर. के. पुरम, नई दिल्ली – 110066
वेबसाइट: www.beeindia.gov.in दूरभाष: 011-26766700

**कृपया ध्यान दें: 14 अधिसूचित क्षेत्रों में ऊर्जा उपयोगकर्ता**

**ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 (2001 का 52) के तहत ऊर्जा खपत की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना**

निम्नलिखित ऊर्जा गहन क्षेत्रों में ऊर्जा के सभी उपयोगकर्ता / उपयोगकर्ता-वर्ग, जिनकी वार्षिक ऊर्जा खपत निम्नलिखित ऊर्जा गहन क्षेत्रों के विरुद्ध दर्शाई गई विनिर्दिष्ट सीमा से अधिक है, को ऊर्जा संरक्षण अधिनियम (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (ई), का.आ.394 (ई) दिनांक 12 मार्च, 2007, का.आ. 3542 (ई) दिनांक 29 दिसंबर, 2015, का.आ.1388(ई) दिनांक 02 मई, 2017 और का.आ. 2147 (अ) दिनांक 17 जून, 2020 का.आ. 3445 (ई) दिनांक 28 सितंबर, 2020, का.आ. 4165 (ई) दिनांक 07 सितंबर, 2022 के तहत नामित उपभोक्ताओं के रूप में अधिसूचित किया गया है।

| क्र. सं. | अधिसूचित क्षेत्र | मीट्रिक टन तेल के समतुल्य (एमटीओई) प्रति वर्ष ऊर्जा की न्यूनतम खपत |
|---|---|---|
| 1. | एल्यूमिनियम | 7,500 |
| 2. | सीमेंट | |
| | (क) एकीकृत सीमेंट यूनिट | 30,000 |
| | (ख) सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट | 10,000 |
| 3. | वाणिज्यिक भवन या स्थापनाएं | |
| | (क) होटल | 500 |
| | (ख) हवाई अड्डा | 500 |
| 4. | क्लोर-अल्कली | 12,000 |
| 5. | विद्युत वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) | एस ई आर सी / जे ई आर सी द्वारा सभी लाइसेंस प्राप्त वितरण कंपनियां |
| 6. | उर्वरक | 30,000 |
| 7. | लौह और इस्पात | 20,000 |
| 8. | लुगदी और कागज | 20,000 |
| 9. | पेट्रोलियम रिफाइनरियां | 90,000 |
| 10. | पेट्रोरसायन यूनिटें जिनमें गैस क्रैकर या नेफ्था क्रैकर या दोनों शामिल हों | 1,00,000 |
| 11. | रेलवे | |
| | (क) सभी जोनल रेलवे (ट्रैक्शन) | 70,000 |
| | (ख) कार्यशालाएं | 750 |
| | (ग) रेलवे की 8 उत्पादन फैक्टरियां नामतः आईसीएफ आरसीएफ, सीएलडब्ल्यू, बीएलडब्ल्यू, पीएलडब्ल्यू, आरडब्ल्यूएफ, एमसीएफ और आरडब्ल्यूपी | - |
| 12. | वस्त्र | 3,000 |
| 13. | थर्मल पॉवर स्टेशन | 30,000 |
| 14. | पेट्रोकेमिकल विनिर्माण इकाइयां | |
| | (1)फाइबर इंटरमीडिएट | 50,000 |
| | (2) पॉलिमर | 10,000 |
| | (3) डिटर्जेंट इंटरमीडिएट | 9,000 |
| | (4) परफॉर्मेंस प्लास्टिक | 3,000 |
| | (5) अन्य पेट्रोकेमिकल उत्पाद | 6,000 |
| | (6) सिंथेटिक रबर | 15,000 |
| | (7) सुगंध | 20,000 |

केंद्र सरकार द्वारा का.आ.1409(ई) दिनांक 28 मार्च, 2018, का.आ. 1473(ई) दिनांक 29 मार्च, 2019, का.आ. 1254(ई) दिनांक 13 अप्रैल, 2020, का.आ. 4491(ई) दिनांक 26 अक्टूबर, 2021 का.आ. 4552 (ई) दिनांक 26 सितंबर, 2022, को संबंधित नामित एजेंसी को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को एक प्रति के साथ, वार्षिक ऊर्जा खपत की स्थिति पर ऊर्जा प्रबंधक / मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित पिछले दो वर्षों अर्थात् 2021.22 और 2022.23 की रिपोर्ट, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (ठ) के तहत अधिसूचित प्रपत्र–1 में प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाता है।

आवश्यक क्षेत्र लागू प्रो.फॉर्मा या प्रपत्र.1 की एक प्रति बीईई वेबसाइट: **https://beeindia.gov.in/content/pat-performa** से डाउनलोड की जा सकती है।

यदि कोई व्यक्ति 30 जून, 2023 तक वार्षिक खपत आदि की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो वह ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 की धारा 26 के तहत दंड का भागी होगा।

अधिक जानकारी / प्रश्न के लिए कृपया हमसे 011.26766700 पर संपर्क करें या **newdc@beeindia.gov.in** पर मेल भेजें।

**CBC 34106/12/0046/2223**

मिशन निदेशक, एनएमईईई


# अक्षत ऊर्जा दिखा रही स्वरोजगार का नया उजाला

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

अक्षय उर्जा से विद्युत उत्पादन के सफल प्रयास स्वरोजगार का नया उजाला लेकर आए हैं। सरकार की सोलर उर्जा नीति ने बंजर भूमि में सौर उर्जा प्रोजेक्ट स्थापित करने की पहल ने लोगों के लिए आमदनी की नई संभावनाएं अंकुरित की हैं वहीं सस्ती दरों पर विद्युत उत्पादन की राहें भी तलाशी हैं। हिमाचल प्रदेश को हरित उर्जा राज्य बनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में सरकार द्वारा हरित क्रांति के तहत सौर उर्जा के उपयोग को और अधिक बढ़ाने का निर्णय लिया है, जिसके सार्थक परिणाम दिख



रहे हैं। जिला मंडी के सदर उपमंडल के गांव किपड़ में विद्युत बोर्ड से सेवानिवृत मुख्य अभियंता कुशाल चंद ठाकुर ने सरकार की सोलर उर्जा नीति के तहत उपदान के साथ अक्षय उर्जा पर आधारित प्रोजेक्ट स्थापित करके पंद्रह से बीस लाख रूपए प्रतिमाह आमदनी का नया जरिया बनाया है। 500 किलोवॉट का सौर ऊर्जा प्लांट साथापित किया है। कुशाल चंद ठाकुर ने का कहना है कि उनके मन में हमेशा से अपने गांव के लिए कुछ करने का सपना था और सेवानिवृति के बाद उन्होंने इसी सपने को साकार करने करने के लिए गांव में सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया। उन्होंने बताया कि हिमाचल सरकार की सोलर पॉवर पॉलिसी के तहत उन्होंने सोलर पॉवर प्लांट के लिए ऑनलाईन आवेदन किया था और उन्हें 500 किलोवॉट का सोलर पॉवर प्लांट मिला। सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के लिए वर्षों से खाली पड़ी बंजर जमीन को चिन्हित किया। इस जमीन पर खेती नहीं की जा सकती थी, साथ ही यहां बन्दरों व जंगली जानवरों का भी आतंक था। उन्होंने लगभग 8-10 बीघा जमीन पर सोलर पॉवर प्लांट को स्थापित किया। इससे भूमि का भी सही उपयोग हो गया और अच्छी आमदनी भी शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि सौर उर्जा एक नवीकरणीय स्त्रोत है। यह प्लांट पर्यावरण संरक्षण के लिए भी सुरक्षित है। सोलर प्रोजैक्ट को स्थापित करने में समय भी कम लगता है तथा इस तैयार विद्युत का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। कुशाल चंद ने बताया कि इस प्लांट से विद्युत का अच्छा उत्पादन हो रहा है।



# उर्वशी रौतेला

## हॉट फोटो को लेकर हुई ट्रोल, ट्रोलर ने लिखा- ऋषभ पंत की 16 हड्डी टूटी हैं और आप पोज दे रही हो?

फिल्म एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की 2 तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्हें थाई हाई स्लिट वन पीस गाउन पहनकर बोल्ड अंदाज में पोज देते हुए देखा जा सकता है। उर्वशी रौतेला ने मेकअप कर रखा है। उन्होंने लिपस्टिक लगा रखी है। उन्होंने मेकअप भी कर रखा है और उनके बाल बंधे हुए हैं।

**उर्वशी रौतेला दीवार पर हाथ रखकर पोज देती हुई नजर आ रही है**

उर्वशी रौतेला दीवार पर हाथ रखकर पोज देती हुई नजर आ रही है। इसमें वो काफी हॉट लग रही है। उनकी तस्वीर इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। इसे 55 मिनट में 65 हजार के करीब लाइक्स मिले है। वहीं, इस पर 14 सौ के लगभग कमेंट किए गए हैं। हालांकि, कई लोगों ने इसे लेकर उन्हें ट्रोल भी किया है। उर्वशी रौतेला ने तस्वीरों के साथ लिखा है, हमेशा अपना चेहरा चमक की ओर रखिए और अपनी परछाई पीछे पड़ने दीजिए।

**उर्वशी रौतेला को किया गया ट्रोल**

उर्वशी रौतेला ने फोटोज में कई लोगों को टैग भी किया है। एक ट्रोल ने लिखा है, ऋषभ पंत की 16 हड्डी टूटी है और आप यहां पोज दे रही हो एक ने लिखा है, आशिक बनाया आपने। एक ने लिखा है, उर्वशी रौतेला मोस्ट ब्यूटीफुल वूमेन। एक ने लिखा है, वेरी हॉट एक्ट्रेस इन बॉलीवुड इंडस्ट्री।



**उर्वशी रौतेला और ऋषभ पंत के बीच हुई थी तीखी नोक-झोंक**

गौरतलब है कि उर्वशी रौतेला और ऋषभ पंत अपनी तीखी नोक-झोंक के लिए जाने जाते हैं। इसके बाद उर्वशी रौतेला ऋषभ पंत को ट्रोल करती भी नजर आईं। हालांकि, उनकी स्टाकिंग के चलते वह चर्चा का विषय बन गई और लोग उन्हें ही ट्रोल करने लगे। अब उर्वशी रौतेला अपनी लेटेस्ट हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर कर रही है। उन्होंने हाल ही में कई फैशन शोज में भी भाग लिया है। वहीं, उन्होंने अपना जन्मदिन भी मनाया था।

**उर्वशी रौतेला के इंस्टाग्राम पर 6 करोड़ 30 लाख फॉलोअर्स है**

उर्वशी रौतेला के इंस्टाग्राम पर 6 करोड़ 30 लाख फॉलोअर्स है। वह अक्सर अपने फैंस से बातचीत भी करती है। वह जल्द इंस्पेक्टर अविनाश नामक शो में नजर आएंगी। वह कई फिल्मों में अहम भूमिका निभा चुकी है।

## दिव्या भारती की मौत के बाद घटी थी बेहद अजीब घटना,जल्दबाजी के चक्कर बिगड़ा काम! आयशा जुल्का के शॉकिंग खुलासे



बॉलीवुड की दिवंगत खूबसूरत एक्ट्रेस दिव्या भारती (Divya Bharti) आज के दिन दुनिया को अलविदा कहा था. आज 5 अप्रैल 2023 को दिव्या के निधन को 30 साल हो गए हैं. भले हैं दिव्या भारती अब हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी यादें आज भी सिने प्रेमियों के दिलों में बसी हुई हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्माता साजिद नाडियाडवाला से शादी के सपने संजोने वाली दिव्या की मुंबई में अपनी बिल्डिंग की पांचवीं मंजिल की बालकनी से गिरकर मौत हो गई थी. उन दिनों उनकी उम्र महज 19 साल थी. जिस वक्त दिव्या की मौत हुई उस वक्त वो करीब 1 दर्जन से ज्यादा फिल्मों का हिस्सा थीं. दिव्या के निधन के बाद एक्ट्रेस आयशा जुल्का (Ayesha Jhulka) ने उनसे जुड़ी कई खुलासे किए थे. चलिए जानते हैं उस बारे मेंजौरतलब है कि दिव्या भारती ने 17 साल की उम्र में तेलुगु फिल्म 'बोबिली राजा' (1990) अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. आलम ये था था कि उन्होंने 3 साल में करीब 21 फिल्मों में काम किया था, जिनमें से 13 बॉलीवुड की थीं. उनकी सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थीं. दिव्या की मौत के बाद उनकी 2 फिल्में 'रंग' और 'शतरंज' इसी साल रिलीज हुई. इसके अलावा 8 फिल्में ऐसी थीं, जिसे दूसरी एक्ट्रेसेस के साथ पूरी की गई. इस लिस्ट में, मोहरा, लाडला, अंगरक्षक, कर्तव्य, विजयपथ, हलचल, धनवान और आंदोलन के नाम शामिल है.आपको बता दें कि 'रंग' फिल्म में दिव्या भारती और आयशा जुल्का एक साथ देखी गई थीं. फिल्म में दोनों बहन बनी थीं. आयशा जुल्का ने बीबीसी के साथ बातचीत में बताया कि दिव्या के निधन के बाद जब 'रंग' का ट्रायल हुए था तो उस दिन बेहद अजीब घटना हुई थी. एक्ट्रेस के अनुसार,फ़िल्म सिटी में 'रंग' का ट्रायल के दौरान जैसे ही दिव्या स्क्रीन पर आईं तो स्क्रीन ही गिर गया. जो वहां पर मौजूद सभी के लिए वो अजीब था.आयशा जुल्का ने आगे ये भी बताया कि दिव्या के साथ उनकी कैसी बॉन्डिंग थी. एक्ट्रेस के अनुसार, दोनों फिल्म में काम करने के साथ ही साथ एक दूसरे के पड़ोसन भी थी. दिव्या काफी हंसमुख थी. दोनों अक्सर साथ में शॉपिंग भी जाती हैं. आयशा के अनुसार, दिव्या पर चीज को बेहद जल्दबाजी में करना चाहती थीं. चाहे उनकी पर्सनल लाइफ हो या फिर प्रोफेशनल वो हमेशा कहती थीं कि जल्दी करो, जल्दी चलो, जिंदगी छोटी है. भले ही दिव्या ने कभी क्लियर नहीं कहा लेकिन शायद उनके अंदर से एक 'इंपल्स' होता है. उन्हें हर काम जल्दी करना था. उनको सब कुछ जिंदगी में जल्दी मिल रहा था. वो खुद कहतीं कि उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा. ऐसा लगता है कि उन्हें पता था कि वह ज्यादा दिनों तक नहीं रहेंगी.

## जब अनुष्का शर्मा के सामने करण जौहर ने कबूला सच, बोले-मैं आपका करियर बर्बाद करना चाहता था लेकिन...



करण जौहर (**Karan Johar**) ने बॉलीवुड को कई सुपरहिट फिल्में दी हैं. इंडस्ट्री में अपनी दोस्ती के लिए मशहूर फिल्ममेकर अक्सर विवादों में भी रहते हैं. करण ने आलिया भट्ट, वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा समेत कई एक्टर्स को अपनी फिल्मों से लॉन्च किया है. ऐसे करण ने अनुष्का शर्मा के करियर को बर्बाद करने की प्लानिंग कर ली थी. और ये इल्जाम किसी एक्ट्रेस ने नहीं लगाया है बल्कि खुद फिल्ममेकर ने बताई थी.अनुष्का शर्मा ने साल 2008 में शाहरुख खान के साथ फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' से डेब्यू किया था. इस फिल्म में अनुष्का के काम की तारीफ हुई थी. फिल्म की कहानी, म्यूजिक और शाहरुख के दो अलग-अलग अंदाज ने इस फिल्म को हिट करवा दिया था. फिल्म का डायरेक्शन आदित्य चोपड़ा ने किया.

**अनुष्का को कास्ट नहीं करने की दी थी आदित्य को सलाह**

बरसों बाद करण जौहर ने कबूल किया कि उन्होंने आदित्य चोपड़ा से इस फिल्म में अनुष्का शर्मा को साइन नहीं करने की सिफारिश भी कर डाली थी. आदित्य चोपड़ा जब फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' बना रहे थे तो करण को बताया था कि अनुष्का को फिल्म में कास्ट करना चाहते हैं, तो उन्होंने मना किया, क्योंकि मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वह सोनम कपूर को फिल्म में चाहते थे.

दरअसल, करण जौहर ने साल 2016 में 18वें **MAMI Mumbai Film Festival** में इस सच से खुद ही पर्दा उठाया था. फेस्टिवल के दौरान राजीव मसंद और अनुपमा चोपड़ा के साथ मंच करण अपनी फिल्म 'ऐ दिल है मुश्किल' के स्टार्स ऐश्वर्या राय, अनुष्का शर्मा के साथ स्टेज पर गए थे. अनुष्का के बारे में बात करते हुए करण ने कहा था 'मैं पूरी तरह से अनुष्का के करियर को खत्म करना चाहता था. क्योंकि मैंने आदित्य चोपड़ा ने जब उनकी तस्वीर दिखाई तो मैंने कहा नो, नो, पागल हो क्या, इसे साइन कर रहे हो, तुम क्रेजी हो.

# सुष्मिता सेन

## ने एक्स ब्वॉयफ्रेंड रोहमन शॉल संग किया वर्कआउट, यूजर बोले- आखिर चल क्या रहा है

बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन (Sushmita Sen) को एक महीने पहले हार्ट अटैक (Sushmita Sen Heart Attack) आया था। उनके हार्ट में 95% ब्लॉकेज थी, जिसकी वजह से डॉक्टरों को एंजियोप्लास्टी करनी पड़ी। यह बात खुद सुष्मिता ने अपनी एक इंस्टाग्राम वीडियो में बताई थी। हालांकि अब ठीक हैं और अपने डेली रूटीन की पटरी पर लौट रही हैं। एक्ट्रेस ने अब वापस से वर्कआउट करना शुरू कर दिया है।

**रोहमन शॉल संग किया वर्कआउट**

सुष्मिता ने हाल ही में एक वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस वीडियो में वह फुल बॉडी स्ट्रेचिंग करती नजर आही हैं। वीडियो की खास बात यह है कि उनके साथ एक्स ब्वॉयफ्रेंड रोहमन शॉल और उनकी छोटी बेटी भी उनके साथ नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस वीडियो के कैप्शन में लिखा,%अब और ट्रेनिंग की अनुमति दी गई!!! मैं जल्द ही जयपुर में आर्या की शूटिंग के लिए निकल रही हूं...और यहां मेरे प्रियजन हैं, जो मेरा साथ दे रहे हैं और जोन में वापस आने में मेरी मदद कर रहे हैं।

**क्या फिर एक हुए सुष्मिता और रोहमन**

सुष्मिता के साथ रोहमन को देख लोगों के मन में एक ही सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या ये दोनों एक बार फिर एक हो गए है। एक यूजर ने लिखा- अरे तुम लोग वापस आ गए...तुम दोनों एक साथ बहुत प्यारे लगते हो बस ऐसे ही रहो...यह तुम दोनों को सूट करता है। इस पोस्ट रोहमन ने कमेंट में लिखा- थैंक्यू टीजर सुष्मिता सेन। तो वहीं कई यूजर्स ने एक्ट्रेस की हेल्थ के लिए दुआ की है।

**आर्या 3 में आएंगी नजर**

वर्क फ्रंट की बात करें तो सुष्मिता सेन जल्द आर्या 3 में नजर आएंगी। वेब सीरीज आर्या और आर्या 2 में उनकी अदाकारी को लोगों ने खूब पसंद किया था। ये सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम की जा सकती है। इसके अलावा एक्ट्रेस वेब सीरीज %ताली% में भी नजर आएंगी।

**सुष्मिता ने हाल ही में एक वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस वीडियो में वह फुल बॉडी स्ट्रेचिंग करती नजर आही हैं। वीडियो की खास बात यह है कि उनके साथ एक्स ब्वॉयफ्रेंड रोहमन शॉल नजर आ रहे हैं।**



## दाने-दाने का मोहताज पाकिस्तान, फ्री राशन बांटने में हो रही धोखाधड़ी, ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के मनसेहरा गांव के लोगों ने प्रशासन पर फ्री में राशन बांटने के दौरान धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार जरूरतमंद परिवारों के लिए आटे को मुफ्त में बंटवाती है, लेकिन कुछ लोग गलत तरीके से इसे बांट रहे हैं।

**400 परिवारों के लोगों को नहीं मिल रहा आटा**

जुब्बे गांव परिषद के मौलाना वकार अहमद ने कहा कि कुछ लोग जिला प्रशासन के आटा वितरकों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इसकी वजह से गांव के 400 परिवारों को उनका राशन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि जब लोग अपने हक का राशन लेने पहुंचे तो वहां मौजूद आटा वितरकों ने यह कहकर मना कर दिया कि उनके बैग पहले ही ले जाए जा चुके हैं। अहमद ने कहा कि जुब्बे, बोहराज, बसुंद और आसपास के इलाकों में ज्यादातर लोगों को उनका राशन नहीं मिल पा रहा है।

**एक अप्रैल को हुई थी भगदड़ की घटना**

गौरतलब है, इससे पहले एक अप्रैल को पाकिस्तान के कराची में फ्री राशन को लेकर भगदड़ मच गई थी। इस भगदड़ में मरने वालों की संख्या 12 बताई गई थी। इसमें 9 महिलाएं शामिल थीं। दरअसल, पाकिस्तान के सिंध प्रांत के कराची के नौरिस चौरंगी में रंगाई कारखाने में गरीबों को फ्री का राशन बांटा जा रहा था। इसी दौरान भगदड़ मच गई थी। इसमें दर्जन भर लोगों की मौत और कई लोग घायल हो गए थे।

## रिचर्ड वर्मा ने विदेश मंत्रालय में प्रबंधन-संसाधन उपमंत्री के रूप में ली शपथ, भारत में रह चुके हैं राजदूत

**वाशिंगटन।** भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत रिचर्ड वर्मा ने विदेश विभाग में प्रबंधन और संसाधन मामलों के उपमंत्री का कार्यभार संभाल लिया है और इस प्रकार वह विदेश विभाग में सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय-अमेरिकी बन गए हैं। विदेश मंत्रालय में शीर्ष पद की शपथ लेने के बाद वर्मा ने एक ट्वीट में कहा कि विदेश मंत्रालय में वापसी करना सम्मान की बात है।

**अमेरिकी सीनेट ने पिछले महीने की थी पुष्टि**

विदेश मंत्रालय के प्रबंधन और संसाधन उपमंत्री को अमेरिका में विदेश मंत्रालय के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) के रूप में जाना जाता है। 54 वर्षीय वर्मा एक वकील, राजनयिक और कार्यकारी अधिकारी रह चुके हैं। वर्मा की नियुक्ति बनाने के लिए अमेरिकी सीनेट ने पिछले महीने 26 के मुकाबले 67 मतों से मंजूरी दी थी। वर्मा ने 16 जनवरी, 2015 से 20 जनवरी, 2017 तक भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में कार्य किया था और वर्तमान में वह मास्टरकार्ड में मुख्य कानूनी अधिकारी और वैश्विक सार्वजनिक नीति के प्रमुख थे।

**ओबामा प्रशासन में भी कर चुके हैं काम**

ओबामा प्रशासन के दौरान वर्मा ने विदेश मंत्रालय के विधायी मामलों के सहायक मंत्री के रूप में भी कार्य किया था। इससे पहले अपने करियर में वह अमेरिकी सीनेटर हैरी रीड के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे, जबकि वे डेमोक्रेटिक सचेतक, अल्पसंख्यक नेता और अमेरिका की सीनेट के तत्कालीन बहुमत के नेता रह चुके हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप ने खुद पर लगाए आरोपों को बनाया सियासी हथियार, राष्ट्रपति चुनाव के लिए बनाई यह रणनीति

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप के बारे में जो लोग जानते हैं उन्हें यह जानकर आश्चर्य नहीं होगा कि वह अपनी मार्केटिंग के लिए कुछ भी कर सकते हैं। ट्रंप ने खुद पर लगाए आरोपों को लेकर एक खास रणनीति बनाई है, जिसका इस्तेमाल वह राष्ट्रपति चुनाव के लिए कर रहे हैं। उनकी वेबसाइट पर एक टीशर्ट लॉन्च की गई है, जिसपर लिखा है- बता दें, इस टीशर्ट की बिक्री उनके मैनहट्टन कोर्ट में पहुंचने के कुछ ही मिनटों बाद शुरू हो गई थी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रिहा कर दिया गया है। पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स से जुड़े आपराधिक मामले में मंगलवार को मैनहैटन की अदालत में पेश होने पहुंचे ट्रंप को गिरफ्तार कर लिया गया था। ट्रंप के खिलाफ 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पॉर्न स्टार को मुंह बंद रखने के लिए पैसे देने और उसे छिपाने के लिए आर्थिक रिकॉर्ड में हेराफेरी समेत 34 आरोप लगे हैं। कोर्ट में पेशी के दौरान ट्रंप ने सभी आरोपों को गलत बताते हुए खुद को बेकसूर बताया था। जुर्माना राशि स्टॉर्मी डेनियल्स को दी जाएगी। सुनवाई के बाद ट्रंप कोर्ट से रवाना हो गए। इस मामले में अगली सुनवाई चार दिसंबर को होगी।

## कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमला, तोड़फोड़ कर लिखे भारत विरोधी नारे

**ओट्टावा।** कनाडा में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया जाना नहीं रुक रहा है। इस बार विंडसर के एक हिंदू मंदिर पर हमला कर वहां तोड़फोड़ की गयी। नकाबपोश हमलावरों ने मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे भी लिखे।

जानकारी के अनुसार विंडसर के श्री स्वामी नारायण मंदिर में यह हमला हुआ है। मंदिर में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त किया गया है। साथ ही मंदिर की दीवारों पर भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लिखे गए हैं। यह घटना खालिस्तान समर्थकों की ओर से अंजाम दी गयी मानी जा रही है क्योंकि मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारों के साथ खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे गए हैं। मंदिर प्रबंधन ने विंडसर में श्री स्वामीनारायण मंदिर को निशाना बनाने पर हैरानी व्यक्त की है। प्रबंधन की ओर से जानकारी दी गयी कि मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारों को देखकर हैरानी हुई। तत्काल कार्रवाई के लिए घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है। विंडसर पुलिस ने हमले के सीसीटीवी फुटेज का वीडियो जारी किया है। पुलिस के मुताबिक स्थानीय समयानुसार रात 11 बजे से सुबह 1 बजे तक विंडसर के नार्थवे एवेन्यू में 1700 ब्लॉक स्थित हिंदू मंदिर में कुछ हमलावर पहुंचे। आधी रात 12 बजे के आसपास सीसीटीवी के वीडियो फुटेज में दो हमलावर दिखाई दे रहे हैं। उनमें से एक मंदिर की दीवार पर तोड़फोड़ कर रहा है और दूसरा नजर बनाए हुए है। घटना के समय एक संदिग्ध काला पैंट, काला स्वेटर पहने था और उसकी पैंट में सफेद लोगो दिख रहा है। हमलावरों ने मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे भी लिखे। पुलिस दोनों संदिग्ध हमलावरों की तलाश कर रही है।




## खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों और पाकिस्तानी सेना के बीच मुठभेड़, आठ आतंकी ढेर, एक सैनिक की भी मौत

**इस्लामाबाद।** खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक आतंकवादी ठिकाने पर रात भर की गई छापेमारी में आठ आतंकवादी मारे गए। वहीं एक सैनिक की भी मौत हो गई।

सेना की मीडिया आईएसपीआर (इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस) ने एक बयान में कहा है कि अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए एक अभियान में सुरक्षा बलों ने आठ आतंकवादियों को मार गिराया। जबकि एक सैनिक की भी मौत हो गई।

**हथियार और गोला-बारूद जब्त**

एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी थी, जिसके जवाब में सैनिकों ने कार्रवाई की। इस दौरान आतंकवादी कमांडर जन मुहम्मद उर्फ चार्गे सहित आठ आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए, जो सुरक्षा बलों के खिलाफ आतंकी गतिविधियों और निर्दोष नागरिकों की हत्या में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए तैयार हैं।



**एक हजार से ज्यादा कार्रवाई**

बता दें, फिलहाल सेना ने अभी तक मारे गए आतंकवादियों के समूह की पहचान नहीं की है। पाकिस्तान में आतंकी हमले बढ़ने के बाद सरकार ने इसके खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसी को लेकर यह कार्रवाई की गई थी। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अभी तक कम से कम 1,960 अभियान चलाए जा चुके हैं।

## उत्तर कोरिया ने दी परमाणु युद्ध की धमकी, अमेरिका-दक्षिण कोरिया संयुक्त सैन्य अभ्यास को जिम्मेदार ठहराया

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर उकसाने की कोशिश का आरोप लगाते हुए परमाणु युद्ध की धमकी दी है। उत्तर कोरिया ने इन स्थितियों के पीछे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास को जिम्मेदार बताया है।

इस समय अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास चल रहा है। दोनों देशों ने संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान अमेरिकी विमान वाहक पोत, बी-1बी और बी-52 बमवर्षकों जैसे शस्त्रों का प्रयोग भी किया है।



उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच इस सैन्य अभ्यास का जमकर विरोध किया है। अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उत्तर कोरिया ने इस सैन्य अभ्यास को अपने खिलाफ एक रणनीति बताया है। साथ ही उत्तर कोरिया अपनी सैन्य गतिविधियों में तेजी ला रहा है। पिछले कुछ दिनों में उत्तर कोरिया ने छोटे-बड़े कई बैलिस्टिक मिसाइलें भी दाग चुका है। उनमें से एक मिसाइल ऐसा था जिसे अमेरिका के किसी भी क्षेत्र में दागा जा सकता।

उत्तर कोरिया की ओर से अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास का जिक्र करते हुए कहा गया है कि यह कोरियाई प्रायद्वीप को एक बड़ी तबाही की तरफ ले जा रहा है। इस सैन्य अभ्यास ने कोरियाई प्रायद्वीप को एक तरह से परमाणु युद्ध के कगार पर खड़ा कर दिया है। सैन्य विशेषज्ञों को उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एकजुट होने से कोरियाई प्रायद्वीप पर मंडरा रहे परमाणु युद्ध के काले बादल छंट सकेंगे।

## स्टार्मी डेनियल को ट्रंप के कानूनी खर्च का भुगतान करना पड़ेगा : अमेरिकी कोर्ट



**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मानहानि का केस करने वाली पोर्न स्टार स्टार्मी डेनियल अब मुसीबत में आ गई है। ट्रंप मामले की सुनवाई कर रही अपीलीय कोर्ट ने स्टार्मी डेनियल पर मुकदमे में 1,22,000 डॉलर के कानूनी खर्च का भुगतान करने के आदेश दिए हैं। ट्रंप पर वर्ष 2016 के राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के दौरान पोर्न स्टार फिल्मों की अभिनेत्री स्टार्मी डेनियल को मुंह बंद रखने के लिए धन देने के आरोप लगे थे। इसी आरोपों से जुड़े आपराधिक मामले में ट्रंप मैनहट्टन की एक कोर्ट में आत्मसमर्पण करने पहुंचे थे। डेनियल ने आरोप लगाया था कि वर्ष 2006 में ट्रंप के साथ उनका प्रेम संबंध था और वर्ष 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले अपना मुंह बंद रखने के लिए उन्हें 1,30,000 डॉलर दिए थे।

## पाकिस्तान में अक्टूबर तक चुनाव कराने की योजना साझा करने पर इमरान खान साथ देने को तैयार

**लाहौर/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि यदि पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) नीत गठबंधन सरकार निष्पक्ष आम चुनाव कराने के लिए उनके साथ कोई योजना साझा करती है तो वह अक्टूबर तक इंतजार करने के लिए तैयार हैं। इमरान खान पिछले साल अप्रैल में प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से शीघ्र राष्ट्रीय चुनाव की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग अक्टूबर तक आम चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरान खान ने कहा कि वह चुनावों के लिए अक्टूबर तक इंतजार करने को तैयार हैं, हालांकि उनका फैसला पीडीएम नीत गठबंधन सरकार की इच्छा पर निर्भर करता है। सत्तारूढ़ पीडीएम में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सहित कई राजनीतिक दल शामिल हैं। पूर्व प्रधानमंत्री खान ने कहा कि



यदि गठबंधन सरकार उनके साथ कोई रोडमैप साझा कर यह सुनिश्चित करती है कि हर चीज व्यवस्थित रूप से होगी, तब वह चुनावों के लिए अक्टूबर तक इंतजार कर सकते हैं।

वीडियो लिंक के जरिए अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए खान ने पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के आदेश को निरस्त करने और 14 मई को पंजाब विधानसभा चुनाव कराने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले की सराहना की। शीर्ष न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की पीठ ने राजनीतिक महत्व रखने वाले इस राज्य में चुनावों के लिए 14 मई की तारीख तय की है।

खान ने दावा किया कि पीएमएल-एन नीत संघीय सरकार की योजना पंजाब प्रांत में 14 मई को चुनाव कराए जाने की अवज्ञा करने की है। उन्होंने अपनी पार्टी के समर्थकों से संविधान की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरने के वास्ते तैयार रहने की अपील की। दूसरी ओर सत्तारूढ़ गठबंधन ने ऐलान किया है कि वह अदालत की अवमानना या अयोग्य ठहराए जाने का सामना करने को तैयार है, लेकिन उच्चतम न्यायालय के फैसले को वह लागू नहीं करेगा।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके मंत्रिमंडल ने न्यायालय के फैसले को खारिज कर दिया है और ऐलान किया है कि वह चाहे जो कुछ भी हो वे इसका पालन नहीं करेंगे। पाकिस्तान में पिछला आम चुनाव जुलाई 2018 में हुआ था और पाकिस्तान की मौजूदा नेशनल असेंबली का कार्यकाल अक्टूबर 2023 तक है।

## बेरेन क्रांति की 33वीं वर्षगांठ पर बांग्लादेश में उठी चीनी अत्याचारों के खिलाफ आवाज

**ढाका।** पूर्वी तुर्किस्तान में बेरेन क्रांति की 33वीं वर्षगांठ पर बांग्लादेश में विभिन्न हिस्सों में चीन के विरोध में प्रदर्शन और सम्मेलन आयोजित किए गए। पूर्वी तुर्किस्तान को चीन में शिनजियांग प्रांत के नाम से जाना जाता है। इस प्रांत को उइगर मुसलमानों के दमन के रूप में जाना जाता है।

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बांग्लादेश खिलाफत आंदोलन सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में शिनजियांग पर अवैध कब्जे और उइगर मुसलमानों पर अत्याचार के लिए चीन की निंदा की गई। इस्लामिक प्रोग्रेसिव जनता फ्रंट ने भी इस अवसर पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया। चर्चा में कई इस्लामी बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। बांग्लादेश मुहाजिर वेलफेयर एंड डेवलपमेंट कमेटी ने भी ढाका विश्वविद्यालय के



पास विरोध प्रदर्शन किया और मानव श्रृंखला बनाई। बीएमडब्ल्यूडीसी सदस्यों ने चीन दूतावास को ज्ञापन भी सौंपा। ओपन डायलॉग बांग्लादेश ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इसके अलावा गाजीपुर में संचेतन नागरिक समाज, रणपुर में मुक्तिजोध मंच (एमएम), खुलना में गैर-सरकारी संगठन अलोकितो फाउंडेशन एवं सम्मिलितो सामाजिक आंदोलन और चटगांव में बांग्लादेश इस्लामी फ्रंट द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में उइगर मुसलमानों पर अत्याचार के लिए चीन की आलोचना की गई। लोगों में पर्चे बांटे गए। मुस्लिम संगठनों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से समर्थन मांगा। कई मुस्लिम संगठनों ने मुस्लिम देशों से इस मुद्दे पर आवाज उठाने की अपील की और बांग्लादेश स्थित चीनी दूतावास में ज्ञापन सौंपा। बांग्लादेश इस्लामी फ्रंट ने बांग्लादेश में चीन के बहिष्कार की मांग की। उल्लेखनीय है कि चीन के शिनजियांग प्रांत में उइगर मुसलमान विद्रोहियों और चीनी सैन्य बलों के बीच 5 अप्रैल से 10 अप्रैल 1990 के दौरान संघर्ष चला था। उइगर शिनजियांग को चीन से आजाद करवाना चाहते थे। छह दिन तक चले इस संघर्ष में चीन सरकार ने उइगर विद्रोह को कुचल दिया था।

## रूस के उत्तरी काकेशस में गोलीबारी, तीन पुलिसकर्मियों की मौत, आठ घायल

**इस्लामाबाद।** रूस के उत्तरी काकेशस में गोलीबारी का खबर सामने आई है। रूसी समाचार एजेंसियों ने बताया कि रूस के उत्तरी काकेशस गणराज्य इंगुशेतिया में गोलीबारी की घटना में तीन पुलिसकर्मियों की मौत की मौत हो गई है, जबकि आठ अन्य घायल हो गए हैं। बता दें कि काकेशस या काकेशिया, काला सागर और कैस्पियन सागर के बीच का एक क्षेत्र है। जिसमें मुख्य रूप से आर्मेनिया, अजरबैजान, जॉर्जिया और दक्षिणी रूस के कुछ हिस्से शामिल हैं।

इंगुशेतिया चेचन्या की सीमा से सटे रूस के उत्तरी काकेशस में एक बहुसंख्यक-मुस्लिम गणराज्य है। यहां 2000 के दशक की शुरुआत में अधिकारियों के साथ इस तरह की झड़पें अपेक्षाकृत आम हुआ करती थीं, लेकिन हाल के वर्षों में यह कम हो गई हैं।



रूसी समाचार एजेंसियों ने कानून प्रवर्तन सूत्रों के हवाले से बताया कि जयाजिकोव-यूर्ट गांव में एक निजी घर में छिपे एक गिरोह के साथ गोलीबारी के दौरान तीन पुलिसकर्मी मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान जारी है।

रूसी मीडिया के मुताबिक, ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने समूह को हिरासत में लेने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने गोलियां चला दीं। पिछले हफ्ते अधिकारियों ने बताया था कि इंगुशेतिया और पड़ोसी उत्तर ओसेशिया की सीमा पर एक

> **बता दें कि काकेशस या काकेशिया, काला सागर और कैस्पियन सागर के बीच का एक क्षेत्र है। जिसमें मुख्य रूप से अर्मेनिया, अजरबैजान, जॉर्जिया और दक्षिणी रूस के कुछ हिस्से शामिल हैं।**

पुलिस पोस्ट पर गोलीबारी की गई थी, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। चेचन्या में दो अलगाववादी युद्धों सहित सोवियत संघ के टूटने के बाद उत्तरी काकेशस उग्रवाद का केंद्र बन गया था।

## यूक्रेन युद्ध के बीच चीन-रूस की बढ़ती नजदीकी रोकने को जिनपिंग से मिले मैक्रों, अहम मुद्दों पर होगी चर्चा

**बीजिंग।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को बीजिंग में अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस मुलाकात के पीछे का कारण यह है कि फ्रांसीसी नेता वैश्विक समस्याओं के समाधान के प्रयासों में चीन की सक्रिय भागीदारी चाहता है। तीन दिन की यात्रा के लिए चीन पहुंचे मैक्रों ने कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के दौरान वह कोशिश करेंगे कि चीन यूक्रेन में शांति प्रयासों में शामिल हो। शांति में चीन की एक प्रमुख भूमिका मैक्रों ने ट्वीट किया कि मुझे विश्वास है कि शांति के निर्माण में चीन की एक प्रमुख भूमिका है। मैं इसी पर चर्चा करने आया हूं। राष्ट्रपति शी जिनपिंग से व्यवसायों, जलवायु व जैव विविधता और भोजन के बारे में भी बात की जाएगी। साथ ही सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की जाएगी। बता दें, मैक्रों के साथ यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन भी चीन दौरे पर आए हैं। ऐसा करके इस कूटनीतिक प्रयास में पूरे यूरोप की एकता का संदेश दिया जा रहा है। चीन के फ्रांसीसी निवासियों को संबोधित करते हुए मैक्रों ने कहा कि वह कोशिश करेंगे कि यूक्रेन, ईरान और उत्तर कोरिया सहित अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता संबंधी मुद्दों पर चीन अपनी साझी जिम्मेदारी निभाए। चीन के फ्रांसीसी दूतावास में आयोजित कार्यक्रम में मैक्रों ने पुतिन की बेलारूस में सामरिक परमाणु हथियार तैनात करने की योजना का भी उल्लेख किया। चीन इसका चीन विरोध करता है। मैक्रों ने यह भी कहा कि चीन ने रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए फरवरी में एक योजना प्रस्तावित की। यूक्रेन में शांति और अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के हल में साझेदारी के साथ-साथ इस यात्रा के दौरान मैक्रों दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को भी मजबूती देंगे।

